PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, शनिवार 26 सितंबर, 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## UP International Trade Show का हुआ शुभारंभ, अमित शाह ने किया उद्घाटन

## ग्रेटर नोएडा में UP International Trade Show का भव्य शुभारंभ, अमित शाह ने किया उद्घाटन




ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में शुक्रवार को UP International Trade Show 2026 के चौथे संस्करण का शुभारंभ हुआ। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ट्रेड शो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे

**योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में शुरू हुआ पांच दिवसीय आयोजन, 90 से अधिक देशों की भागीदारी; यूपी के उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने पर जोर**






ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, मैन्युफैक्चरिंग और उद्यमिता को वैश्विक मंच देने के उद्देश्य से UP International Trade Show 2026 के चौथे संस्करण का शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में शुभारंभ हुआ। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने ट्रेड शो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई प्रमुख अतिथि और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।25 से 29 सितंबर तक चलने वाले इस पांच दिवसीय ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के उत्पादों और उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य प्रदेश के छोटे, मध्यम और बड़े उद्यमों को देश-विदेश के बाजारों से जोड़ना और उत्तर प्रदेश में व्यापार तथा निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देना है।

**2400 से अधिक प्रदर्शक ले रहे हिस्सा**

UP International Trade Show के इस संस्करण में 2,400 से अधिक प्रदर्शकों के शामिल होने की जानकारी दी गई है। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आने वाले उद्यमी, कारीगर, निर्माता और कारोबारी अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों के साथ-साथ आधुनिक उद्योग और तकनीक से जुड़े उत्पाद भी प्रदर्शित किए जा रहे हैं।



इस आयोजन में 90 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों और 600 से अधिक विदेशी खरीदारों के शामिल होने की जानकारी दी गई है। इससे प्रदेश के कारोबारियों को अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने और नए व्यापारिक संपर्क स्थापित करने का अवसर मिल रहा है।

**ODOP को भी मिल रहा अंतरराष्ट्रीय मंच**

ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश सरकार की One District One Product (ODOP) पहल को भी प्रमुखता दी गई है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों के पारंपरिक और विशिष्ट उत्पादों को एक बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित किया जा रहा है। इसके साथ ही One District One Cuisine के माध्यम से प्रदेश के स्थानीय खान-पान और पारंपरिक व्यंजनों को भी पहचान दिलाने की कोशिश की जा रही है।

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयार होने वाले हस्तशिल्प, हथकरघा, फर्नीचर, खाद्य उत्पाद, चमड़ा उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि उत्पाद और अन्य स्थानीय उत्पाद ट्रेड शो में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

**निवेश और निर्यात बढ़ाने पर जोर**

UP International Trade Show के माध्यम से उत्तर प्रदेश को निवेश और निर्यात के बड़े केंद्र के रूप में प्रस्तुत करने पर जोर दिया जा रहा है। ट्रेड शो में उद्योग, कृषि, ऑटोमोबाइल, डिफेंस, आईटी, हेल्थ, पर्यटन, रिन्यूएबल एनर्जी और अन्य क्षेत्रों से जुड़े उत्पादों तथा सेवाओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।विदेशी खरीदारों और कारोबारी प्रतिनिधियों की मौजूदगी के बीच प्रदेश के उद्यमियों को अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशने का अवसर मिल रहा है। आयोजन के दौरान कारोबारियों और खरीदारों के बीच व्यावसायिक बैठकों और व्यापारिक संपर्क को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

**कई देशों की भागीदारी**

इस वर्ष ट्रेड शो में कई देशों की भागीदारी देखने को मिल रही है। जापान, रूस, सिंगापुर, वियतनाम, ऑस्ट्रिया और बेलारूस को पार्टनर देशों के रूप में शामिल किया गया है। विदेशी प्रतिनिधियों और खरीदारों की भागीदारी से प्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का दायरा बढ़ा है।ट्रेड शो में आने वाले कारोबारी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों की औद्योगिक क्षमता, उत्पादन और स्थानीय उत्पादों को करीब से देख सकेंगे। इससे भविष्य में व्यापारिक समझौतों और नए कारोबारी अवसरों की संभावनाएं भी बन सकती हैं।

**यूपी के स्थानीय कारोबारियों के लिए बड़ा मंच**

UP International Trade Show को खास तौर पर उत्तर प्रदेश के स्थानीय उद्यमियों और कारोबारियों के लिए महत्वपूर्ण मंच के तौर पर देखा जा रहा है। छोटे और मध्यम कारोबारियों को बड़े खरीदारों और विदेशी बाजारों से सीधे संपर्क का अवसर मिल रहा है।प्रदेश के अलग-अलग जिलों के कारीगर और निर्माता अपने उत्पादों की गुणवत्ता, डिजाइन और उपयोगिता को खरीदारों के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं। इससे स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाले उत्पादों को व्यापक बाजार मिलने की संभावनाएं बढ़ रही हैं।ट्रेड शो के जरिए उत्तर प्रदेश की पारंपरिक कला और आधुनिक औद्योगिक क्षमता को एक साथ प्रदर्शित किया जा रहा है। आयोजन में आने वाले लोगों को प्रदेश की संस्कृति, खान-पान, हस्तशिल्प और औद्योगिक विकास की झलक भी देखने को मिल रही है।पांच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान व्यापारिक गतिविधियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कार्यक्रम और प्रस्तुतियां भी आयोजित की जा रही हैं। सरकार की ओर से इस आयोजन को उत्तर प्रदेश के उत्पादों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

**Planet News India की लाइव रिपोर्ट के साथ।**

## Aligarh News: भारी बारिश के अलर्ट पर आज स्कूल बंद



जिले में अत्यधिक बारिश की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार को जनपद के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।यह आदेश प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक के सभी परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई समेत सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा। बीएसए आलोक कुमार ने बताया कि डीएम की ओर से सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। बारिश के कारण विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। ब्यूरो

## ग्रेटर नोएडा: इंटरनेशनल ट्रेड शो में छाई अलीगढ़ की कचौड़ी-चमचम, चार दिन में अमेरिका तक मिठाई डिलीवरी

ग्रेटर नोएडा इंटरनेशनल ट्रेड शो में अलीगढ़ के जायके का जलवा है। कचौड़ी की तीखी चटपटी सब्जी रायता, चमचम की मिठास को 80 देशों के उद्यमियों ने सराहा। ट्रेड शो में राजीव ख्यालीराम के स्टॉल पर चमचम 600, बेसन लड्डू 600, बूंदी लड्डू 640 रुपये किलो बिक रहे हैं। अलीगढ़ मंडल से 53 स्टॉल लगे हैं।ग्रेटर नोएडा के इंटरनेशनल ट्रेड शो में अलीगढ़ की कचौड़ी, चमचम, सोन-पापड़ी, केसर पेड़ा और दालमोठ अपने लजीज स्वाद से छा गए हैं। ताला, हार्डवेयर, मूर्ति और अन्य स्टॉलों पर भी खरीदार पहुंचे। इसके अलावा आलू के स्टॉल पर भी रौनक रही। शो में ओडी-ओपी और ओडी-ओसी के उत्पादों को विशेष महत्व दिया जा रहा है।शुक्रवार को शुरू हुए इस शो में 80 देशों के उद्यमी एवं प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। देशी-विदेशी मेहमानों ने इन व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कचौड़ी की तीखी चटपटी सब्जी और रायता, चमचम की खास मिठास पसंद की जा रही है। इसका स्टॉल लगाने वाले दैविक शर्मा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में इस कारोबार में कदम रखा। ट्रेड शो में देसी घी से बनी दो कचौड़ियां 160 रुपये में दे रहे हैं। कद्दू और आलू की सब्जी साथ होती है। प्रमुख मिठाई विक्रेता राजीव ख्यालीराम ने बताया कि चमचम और डोडा बर्फी 600, काजू बर्फी 1100, बेसन के लड्डु 600 और बूंदी के लड्डू 640 रुपये किलो के भाव में शो में उपलब्ध हैं। अमेरिका तक ऑनलाइन डिलीवरी चार से पांच दिन में पहुंच जाती है।




25 से 29 सितंबर तक तक चलने वाले इस शो में 80 देशों के उद्यमी जुट रहे हैं। देश-विदेश से हजारों खरीदार पहुंच रहे हैं। इसका लाभ अलीगढ़ के उद्योगों को मिलेगा। स्थानीय उद्यमियों और व्यापारियों को भी बहुत कुछ सीखने के लिए मिलेगा।-एसपी यादव, उपायुक्त उद्योग।

**अलीगढ़ मंडल के 53 स्टॉल सजे**

ट्रेड शो में अलीगढ़ मंडल से कुल 53 स्टॉल लगाए गए हैं, इसमें सर्वाधिक 34 स्टॉल अलीगढ़ जनपद से हैं। जनपद से ओडी-ओपी के 14, एमएसएमई के तीन, न्यू एक्सपोर्टर श्रेणी में चार, ओल्ड एक्सपोर्टर श्रेणी में छह, ओडी-ओसी के तीन, जीआई टैग के तीन और सीएम युवा योजना से एक स्टॉल लगाया गया है। हाथरस से कुल 12 स्टॉल लगे हैं। इसमें ओडी-ओपी के दो, एमएसएमई के छह, ओल्ड एक्सपोर्टर श्रेणी में दो और ओडी-ओसी के दो स्टॉल शामिल हैं। एटा जनपद से ओडी-ओपी, एमएसएमई, ओडी-ओसी, जीआई टैग और सीएम युवा योजना के तहत एक-एक स्टॉल लगा है, कुल संख्या चार है। कासगंज से एमएसएमई और ओडीओसी योजना में एक-एक स्टॉल लगा है।

## लखनऊ में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, विवेक बंसल सहित कई नेता हिरासत में..

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आज शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के तहत जोरदार विरोध प्रदर्शन किया.







कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं. पार्टी नेताओं का दावा है कि इन कथित गड़बड़ियों के माध्यम से मतदाताओं के संवैधानिक अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया पर आघात किया गया है. विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल पद से हटाने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है.

लखनऊ में भारी बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता सड़कों पर उतरे. इस प्रदर्शन का नेतृत्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस विधायक दल (CLP) की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' ने किया. प्रदर्शन के दौरान सांसद तनुज पुनिया, राष्ट्रीय सचिव व पश्चिम ज़ोन प्रभारी संजीव आर्या, पूर्व प्रभारी हरियाणा प्रदेश कांग्रेस व पूर्व विधायक विवेक बंसल और पूर्व विधायक प्रदीप माथुर सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे.

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा बहुस्तरीय बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई थी. कांग्रेस मुख्यालय से आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद पुलिस ने कई प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया. पूर्व विधायक विवेक बंसल सहित कई अन्य नेताओं को पुलिस वाहनों में भरकर कार्यक्रम स्थल से हटाया गया.

कांग्रेस नेतृत्व ने संकल्प जताया है कि लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता की रक्षा के लिए उनका यह संघर्ष सड़क से लेकर संसद तक निरंतर जारी रहेगा.

संदेश साफ हैवोट के अधिकार से खिलवाड़ नहीं चलेगा। निष्पक्ष चुनाव से समझौता नहीं चलेगा।

संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता से खिलवाड़ नहीं चलेगा।

🇮🇳 जय संविधान! जय लोकतंत्र!

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी शामिल थे 67 लोग

## पहले इतने लोगों पर था शक, चेकिंग शुरू हुई तो यहां छिपाई रकमbकई खुलासे




अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे की रकम की गिनती के दौरान कथित चोरी का मामला अब बड़े नेटवर्क की ओर इशारा कर रहा है। चार्जशीट में दर्ज बयानों के मुताबिक, गणना कक्ष में कई दिनों से चोरी किए जाने की बात सामने आई थी और इसमें 67 लड़कों के शामिल होने का जिक्र है। मामला उस समय सामने आया, जब निगरानी के दौरान एक गणना कर्मी को नोटों की गड्डी हटाते देखे जाने के बाद चेकिंग शुरू हुई। इसी दौरान कथित तौर पर रकम बाथरूम में छिपा दी गई। तलाशी में वहां से 2.25 लाख रुपये बरामद हुए।गणना कक्ष से चोरी की पहली सूचना तत्कालीन महासचिव चंपत राय तक वीडियो और लिखित संदेश के जरिये पहुंची थी। चार्जशीट में दर्ज चंपत राय के बयान के मुताबिक, चार जून को दिल्ली से अयोध्या आते समय आनंद कुमार चौधरी ने उन्हें व्हाट्सएप पर गणना कक्ष के बाथरूम से बरामद 2.25 लाख रुपये का वीडियो और लिखित संदेश भेजा था। उन्हें बताया गया था कि कुछ लड़के कई दिनों से चोरी कर रहे हैं और इसमें 67 लड़कों के शामिल होने की बात सामने आई है। हालांकि, चार्जशीट के इस अंश में 67 की संख्या के आधार का विस्तृत उल्लेख नहीं है।पांच जून को अयोध्या पहुंचने के बाद चंपत राय के कारसेवकपुरम स्थित आवास पर डॉ. अनिल मिश्रा, गोपाल और नरेंद्र कुमार सिंह पहुंचे। चार्जशीट के मुताबिक, नरेंद्र ने लैपटॉप पर गणना कक्ष के कुछ वीडियो दिखाए। पुलिस के अनुसार, इनमें गणना कर्मियों को दान-चढ़ावे की रकम की गिनती के दौरान रुपये हटाते हुए दिखने की बात कही गई है। पुलिस ने चार्जशीट में दावा किया है कि अनिल कुमार मिश्रा, गोपाल और नरेंद्र कुमार सिंह के बयानों से भी इसकी तस्दीक हुई।चार्जशीट में गणना कर्मी मदन गोपाल निगम के बयान का भी उल्लेख है। उसके मुताबिक, तीन जून को दूसरी पाली में कैश काउंटिंग के दौरान करुणेश पांडेय, लवकुश मिश्रा, अविनाश शुक्ला उर्फ शनि और अनुकल्प मिश्रा पर शक हुआ था। आरोप है कि उसने इन लोगों को चढ़ावे की नोटों की गड्डियां उठाकर मेज के नीचे या कमर में छिपाते देखा था

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

## 140 की रफ्तार से डिवाइडर में टकराकर कई बार पलटी कार



आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से जा रही कार डिवाइडर से टकराकर कई बार पलट गई। पीछे बैठे तीन लोग कार से बाहर निकलकर करीब 30 फीट गहरी खाई में पत्थरों पर जा गिरे, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई।आगरा के थाना डौकी क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर कई बार पलट गई। हादसे में पीछे की सीट पर बैठे तीन लोग कार से बाहर निकलकर करीब 30 फीट गहरी खाई में पत्थरों पर जा गिरे। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक समेत दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और यूपीडा की टीम ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस के मुताबिक दिल्ली से पांच लोग कार में सवार होकर बलिया जा रहे थे। शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे कार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 15.400 पर पहुंची। कार की रफ्तार करीब 140 किलोमीटर प्रतिघंटा बताई जा रही है। इसी दौरान चालक कार से नियंत्रण खो बैठा। कार मध्य डिवाइडर से टकराकर कई बार पलट गई।पीछे की सीट पर बैठे तीन लोग कार से बाहर निकलकर करीब 30 फीट गहरी खाई में जा गिरे और नीचे पत्थरों पर गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में चालक और आगे की सीट पर बैठा एक अन्य युवक घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही डौकी पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सभी पांचों लोग दिल्ली के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

# दिल्ली में आज मौसम बिगड़ने के आसार, तेज आंधी और बारिश से सुहावना होगा वीकेंड



दिल्ली में इस वीकेंड मौसम का मिजाज बदलने की उम्मीद है। शनिवार को सुबह से शाम के बीच बारिश के दो से तीन दौर आ सकते हैं। इस दौरान 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की भी संभावना जताई गई है।

दिल्ली में लगभग डेढ़ सप्ताह के सूखे के बाद इस वीकेंड मौसम का मिजाज बदलने वाला है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार को सुबह से शाम के बीच बारिश के दो से तीन दौर आ सकते हैं। इस दौरान 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की भी संभावना जताई गई है।


शनिवार के बाद भी दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और हल्की बूंदाबांदी का सिलसिला बना रहेगा। इससे पहले शुक्रवार दोपहर बाद बादलों की आवाजाही से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

यूपी के 62 जिलों में भारी बारिश और आंधी-तूफान

सितंबर के आखिरी हफ्ते में पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में 24 घंटे से लगातार बारिश हो रही है और मौसम विभाग ने शनिवार को भी 62 जिलों में भारी बारिश और आंधी-तूफान को लेकर चेतावनी जारी की है। इसे देखते हुए शनिवार को 19 जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। इनमें चार जिलों में कक्षा आठ तक तो बाकी जिलों में कक्षा 12वीं तक के स्कूलों की छुट्टी की गई है।

# महिला कबड्डी में लगातार दूसरी बार जीता स्वर्ण पदक

## टीम में कप्तान पुष्पा सहित हिमाचल की चार खिला



एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी टीम ने हिमाचल प्रदेश की बेटी पुष्पा राणा की कप्तानी में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतने के संकल्प के साथ मैदान में उतरी। फाइनल में भारत ने ईरान को 37-34 के अंतर से हराया। पुष्पा राणा ने कहा कि पिछली बार भी भारतीय टीम ने स्वर्ण पदक जीता था और इस बार भी टीम का लक्ष्य सोना ही रहा। पुष्पा ने शुक्रवार को अमर उजाला से बातचीत में कहा था कि यदि भारतीय टीम स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहती है तो वह इस उपलब्धि को सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, माता-पिता और देशवासियों को समर्पित करेंगी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता के पीछे प्रशिक्षकों और परिवार का लगातार सहयोग रहा है। इस बार एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी टीम में हिमाचल प्रदेश की चार खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें कप्तान पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर और भावना धर्मशाला स्थित साई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की खिलाड़ी हैं, जबकि पूर्व कप्तान रितु नेगी इंडियन रेलवे की ओर से खेलती हैं।रितु का अनुभव, पुष्पा की कप्तानी में टीम ने रचा इतिहासपिछली बार रितु नेगी की कप्तानी में एशियन गेम्स का स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाली हिमाचल की बेटियों ने इस बार उसी सुनहरी कहानी को दोहराया। पिछली बार की स्वर्ण विजेता भारतीय महिला कबड्डी टीम में शामिल खिलाड़ी रितु नेगी, पुष्पा राणा और ज्योति ठाकुर फिर मैदान में थीं, लेकिन इस बार तस्वीर में बड़ा बदलाव है। अब कप्तानी पुष्पा राणा के हाथों में है। नेपाल को सेमीफाइनल में 48-24 से रौंदकर फाइनल में पहुंची भारतीय टीम अब लगातार दूसरी बार स्वर्ण पर कब्जा जमाने उतरेगी।हिमाचल की भावना भी इस स्वर्णिम अभियान की अहम कड़ी है। शनिवार सुबह फाइनल मुकाबले में ईरान को शिकस्त देकर भारत ने सोना पक्का किया। पिछले एशियन गेम्स में रितु नेगी ने भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए स्वर्ण पदक दिलाया था। उस टीम में पुष्पा राणा और ज्योति ठाकुर भी शामिल थीं। इस बार जिम्मेदारियां बदल गईं। रितु अनुभवी खिलाड़ी के तौर पर टीम को मजबूती दी तो पुष्पा कप्तान की भूमिका में रहीं।

# जम्मू-कश्मीर तीन दिन की बैंक हड़ताल में एटीएम संभालेंगे नकदी का मोर्चा



तीन दिन की बैंक हड़ताल के दौरान ग्राहकों को नकदी की कमी न हो इसके लिए रविवार को सभी एटीएम में अतिरिक्त कैश डाला जाएगा। इस दौरान यूपीआई, आईएमपीएस, इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग सेवाएं जारी रहेंगी ग्राहक सेवा केंद्र सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुले रहेंगे।

तीन दिन की बैंक हड़ताल से पहले शुक्रवार को बैंक शाखाओं में भीड़ रही। लोग नकदी निकालने, चेक जमा करने और दूसरे जरूरी काम निपटाने पहुंचे। हड़ताल के दौरान नकदी की कमी न हो, इसके लिए रविवार को सभी एटीएम में अतिरिक्त कैश डाला जाएगा।

ग्राहक सेवा केंद्र सुबह आठ से रात आठ बजे तक खुले रहेंगे, जबकि यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाएं जारी रहेंगी। हालांकि शाखाओं में होने वाले चेक और नकद लेनदेन समेत कई काम प्रभावित होंगे। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रदेश सचिव राजेश मेहता ने बताया कि वित्त मंत्रालय ने भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को एटीएम में पर्याप्त नकदी रखने और जरूरी सेवाएं जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान यूपीआई, आईएमपीएस, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग जैसी डिजिटल सेवाएं जारी रहेंगी। यानी पैसे भेजने, ऑनलाइन भुगतान करने और दूसरे डिजिटल लेनदेन के लिए ग्राहकों के पास विकल्प उपलब्ध रहेंगे। ग्राहक सेवा केंद्र सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक काम करेंगे। इन केंद्रों पर उपलब्ध बैंकिंग सेवाओं का ग्राहक इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे शाखाओं के बंद रहने के दौरान सामान्य बैंकिंग जरूरतों में कुछ राहत मिलेगी।

जेके बैंक और निजी बैंक खुले रहेंगे

- जम्मू-कश्मीर में हड़ताल के दौरान जेके बैंक और निजी बैंक खुले रहेंगे। इन बैंकों के ग्राहक शाखाओं में उपलब्ध सामान्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकेंगे।
- शाखाएं बंद रहने के बावजूद कैश डिपॉजिट मशीन (सीडीएम) से नकदी जमा की जा सकेगी।

क्या चलेगा, क्या प्रभावित

- चलेगा: एटीएम, यूपीआई, इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग, आईएमपीएस, उपलब्ध सीडीएम सुविधा और ग्राहक सेवा केंद्र
- प्रभावित होगा: शाखाओं में नकद जमा-निकासी, चेक जमा और उससे जुड़े प्रोसेसिंग कार्य तथा कर्मचारियों की मौजूदगी वाली अन्य शाखा सेवाएं


एटीएम से करेंसी चेस्ट तक, हर मोर्चे पर सुरक्षा जांच सख्त करने पर जोर

बैंक में रखी नकदी हो या एटीएम में जमा पैसा, उसकी सुरक्षा में छोटी चूक भी भारी पड़ सकती है। करेंसी चेस्ट में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, नकदी ले जाते समय सुरक्षा, एटीएम की निगरानी और आग से बचाव से लेकर नकली नोटों की पहचान तक, इन सभी पहलुओं पर शुक्रवार को श्रीनगर में जम्मू-कश्मीर की 35वीं यूटी लेवल सुरक्षा समिति की बैठक में चर्चा हुई।

गृह विभाग के प्रधान सचिव चंद्राकर भारती की अध्यक्षता में हुई बैठक में आरबीआई, पुलिस, सीआरपीएफ, सीबीआई, जेके बैंक, एयरपोर्ट अथॉरिटी, रेलवे और दूसरे संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में करेंसी चेस्ट में पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और वहां के सुरक्षा इंतजामों को मजबूत रखने पर बात हुई।

# फॉर्म 6 में किए गैरकानूनी बदलाव

## जयराम रमेश ने ज्ञानेश कुमार पर लगाए आरोप सुप्रीम कोर्ट से की क्या मांग




कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद जयराम रमेश ने चुनाव आयोग पर मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में बदलाव कर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं के सामने कथित तौर पर परेशानी खड़ी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से जवाबदेही की मांग की।

चुनाव आयोग की ओर से युवा मतदाताओं के लिए विशेष नामांकन शिविर आयोजित करने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए रमेश ने आरोप लगाया कि आयोग ने इससे पहले नए मतदाताओं के पंजीकरण को मुश्किल बनाने के लिए फॉर्म 6 में बदलाव किए थे। उन्होंने इस बदलाव को "पूरी तरह अवैध और असंवैधानिक" बताया।

मुख्य चुनाव आयुक्त पर जयराम रमेश ने लगाए क्या आरोप?
रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "कल देर रात घबराए हुए चुनाव आयोग ने अधिकारियों को युवा मतदाताओं के लिए विशेष नामांकन शिविर आयोजित करने और सोशल मीडिया के जरिए उनका 'व्यापक प्रचार' करने का निर्देश दिया। लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ने इससे पहले फॉर्म 6 में ऐसा बदलाव किया था, जिससे युवा मतदाताओं को जोड़ना लगभग असंभव हो गया था।"

उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म 6 में एक नया अनिवार्य हिस्सा जोड़ा गया, जिसमें आवेदक से यह जानकारी मांगी गई कि उसके माता-पिता या दादा-दादी पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का हिस्सा थे या नहीं। रमेश के अनुसार, इससे पहली बार मतदान करने वाले जेन जी मतदाताओं के लिए पंजीकरण में बाधा पैदा हुई।

- रमेश ने बदलाव को गिनाईं कौन सी तीन आपत्तियां?उल्लंघन 1: जुलाई 2026 की शुरुआत में ऑनलाइन फॉर्म को बिना किसी आधिकारिक अधिसूचना के चुपचाप बदल दिया गया।
- उल्लंघन 2: चुनाव आयोग के पास फॉर्म 6 में संशोधन करने का अधिकार नहीं है। जनप्रतिनिधित्व कानून, 1950 के तहत यह अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। यह चुनाव आयोग की ओर से अधिकार क्षेत्र का बड़ा अतिक्रमण है।
- उल्लंघन 3: फॉर्म को पंजीकरण नियम, 1960 के तहत बनाए गए नियमों में किसी संशोधन के बिना बदला गया। ऐसा केवल केंद्र सरकार कर सकती है और इसके लिए संसद को उचित जानकारी देना जरूरी है।

रमेश ने आरोप लगाया कि कानून में तय वैधानिक फॉर्म को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के कहने पर एकतरफा तरीके से बदल दिया। उन्होंने कहा कि कानून लागू करने की जिम्मेदारी एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में है, जिसके बारे में साबित हो चुका है कि उसने कानून तोड़ा है-भारतीय लोकतंत्र की हालत आखिर कहां तक गिर गई है? सुप्रीम कोर्ट को तत्काल स्वतः संज्ञान लेकर उन्हें जवाबदेह ठहराना चाहिए।

युवाओं की समस्याओं का जिक्र कर क्या बोली कांग्रेस?
उन्होंने द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आगे दावा किया कि दो चुनाव आयुक्तों ने इस "अवैध और अनधिकृत" बदलाव को वापस लेने की मांग की थी, ताकि युवा और पहली बार मतदान करने वाले लोग बिना किसी परेशानी के पंजीकरण करा सकें।

रमेश ने कहा, "मुख्य चुनाव आयुक्त ने न केवल सांविधानिक परंपराओं और प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया है, बल्कि संसद द्वारा बनाए गए कानून का भी जानबूझकर उल्लंघन किया है। उनका पद पर बने रहना भारत के लोगों का अपमान है।" उन्होंने कहा, "कानून लागू करने की जिम्मेदारी ऐसे व्यक्ति के हाथ में है, जिसे कानून तोड़ने वाला बताया जा रहा है। भारतीय लोकतंत्र की स्थिति आखिर कहां पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट को तुरंत स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और उन्हें जवाबदेह ठहराना चाहिए।"

इस्तीफा देकर स्थिति सुधार सकते हैं ज्ञानेश कुमार : जयराम रमेश
रमेश ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार इस्तीफा देकर खुद को इस मामले में गवाह बनाने के रास्ते से अपनी स्थिति सुधार सकते हैं।

कांग्रेस नेता के ये आरोप मतदाता सूची के एसआईआर को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बीच आए हैं। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए रमेश ने कहा कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीनों के दौरान SIR प्रक्रिया से जुड़े फैसलों और आदेशों पर कम से कम 14 बार आपत्ति जताई थी।

कांग्रेस का देशभर में प्रदर्शन, विपक्षी दलों ने भी की आलोचना
कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, शिवसेना यूबीटी और वाम दलों समेत विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग की आलोचना तेज कर दी है। विपक्षी दल चुनावी पारदर्शिता को लेकर सवाल उठा रहे हैं और जवाबदेही की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जम्मू-कश्मीर, असम, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर समेत कई राज्यों में चुनाव आयोग के कामकाज और एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ प्रदर्शन किए।

असम में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गुवाहाटी के राजीव भवन से विरोध मार्च निकाला। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और उनके कार्यकाल के दौरान लिए गए फैसलों तथा मतदाता सूची में किए गए बदलावों की निष्पक्ष समीक्षा की मांग की। कांग्रेस ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान असम कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया।

इससे पहले शुक्रवार को जयराम रमेश ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शनों पर सरकार पर "क्रूर कार्रवाई" करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं, युवाओं, छात्रों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को देश के अलग-अलग हिस्सों में हिरासत में लिया गया।

रमेश ने एक्स पर लिखा था, "आज नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने संवैधानिक मताधिकार को कमजोर किए जाने और मुख्य चुनाव आयुक्त के कथित अनुचित कदमों के खिलाफ जवाबदेही की मांग को लेकर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया।"

भाजपा ने आरोपों पर किया पलटवार
वहीं, भाजपा ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया है। भाजपा ने इन्हें चुनावी हार से ध्यान भटकाने की कोशिश बताया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आरोपों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर चुनाव आयोग पक्षपाती होता तो विपक्ष केरल जैसे राज्यों में चुनाव नहीं जीतता।

केंद्रीय मंत्री और एनडीए के प्रमुख सहयोगी चिराग पासवान ने कहा कि चुनाव आयोग को जनता के भरोसे को बनाए रखने के लिए आरोपों पर अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए। पासवान ने कहा, "अगर चुनाव आयोग के खिलाफ इस तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं, तो मेरा मानना है कि चुनाव आयोग और खासकर मुख्य चुनाव आयुक्त की भी जिम्मेदारी है कि वह मजबूती से अपना पक्ष रखें।"

# पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की जयंती

## प्रधानमंत्री ने किया नमन, खरगे बोले- आर्थिक सुधारों ने बदली भारत की तस्वीर




आज पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की जयंती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने याद किया । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्होंने एक दूरदर्शी राजनेता बताया, जिनके अहम आर्थिक सुधारों ने भारत की तस्वीर बदल दी।

पीएम मोदी ने क्या कहा?
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, 'हमारे पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में कई साल बिताए और पूरी निष्ठा के साथ देश की सेवा की।'

खरगे ने सिंह को याद कर क्या कहा?
वहीं, मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर लिखा, 'विनम्रता, ईमानदारी और समझदारी मनमोहन सिंह के व्यक्तित्व की पहचान थी। उन्होंने शांत गरिमा और संवेदना के साथ नेतृत्व किया। खरगे ने अपनी पोस्ट में कहा, 'हम भारत के राष्ट्र-निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के असाधारण योगदान को गहरे सम्मान के साथ याद करते हैं। एक दूरदर्शी राजनेता के तौर पर, उनके अहम आर्थिक सुधारों ने भारत की विकास की दिशा बदल दी। नए मौके पैदा किए और लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद की।।

सिंह की जयंती पर उन्होंने कहा, 'हम उस राजनेता को दिल से श्रद्धांजलि देते हैं, जिनकी ईमानदार जनसेवा, समावेशी विकास और बदलाव लाने वाले सुधारों की विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।'

# यूपी के शहरों के लिए रेड अलर्ट

## ओडिशा में बारिश-बाढ़ से हड़कंप, छत्तीसगढ़ में स्कूल बंद




देश के कई राज्यों में हो रही बारिश ने चिंता बढ़ा दी है। खासकर ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। ओडिशा में गहरे दबाव के कारण हुई मूसलाधार बारिश से कई नदियां खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गई हैं, सैकड़ों गांव प्रभावित हुए हैं और करीब 14,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। छत्तीसगढ़ में भी बारिश और बाढ़ जैसे हालात को देखते हुए 26 सितंबर को पूरे राज्य के स्कूल बंद रखने का फैसला लिया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश में भारी बारिश, आंधी-वज्रपात और अचानक बाढ़ की आशंका को देखते हुए सरकार ने संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

ओडिशा में आसमान से आफत, हजारों लोग सुरक्षित ठिकानों पर
ओडिशा में शुक्रवार को बारिश ने कई इलाकों में मुश्किलें बढ़ा दीं। राज्य के कम से कम 63 स्थानों पर 100 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज की गई, जबकि तीन जगहों पर बारिश का आंकड़ा 300 मिलीमीटर के पार पहुंच गया। नबरंगपुर के तेंतुलीखुंटी में सबसे ज्यादा 395 मिलीमीटर बारिश हुई। नंदाहांडी में 344 मिलीमीटर और कोरापुट के बोरीगुमा में 307.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। दक्षिण और पश्चिम ओडिशा के निचले और भूस्खलन संभावित इलाकों से करीब 14,500 लोगों को निकालकर 2,061 राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है, जहां लोगों को पका हुआ खाना दिया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को अस्पतालों में सुरक्षित पहुंचाया गया है।

### 857 गांव प्रभावित, नदियां भी दिखा रहीं रौद्र रूप

भारी बारिश का असर राज्य के 10 जिलों में सबसे ज्यादा देखने को मिला है। इनमें कोरापुट, मलकानगिरी, गंजाम, गजपति, कंधमाल, रायगड़ा, नबरंगपुर, कालाहांडी, नुआपाड़ा और बोलांगीर शामिल हैं। सरकार के मुताबिक राज्यभर में 857 गांव बारिश से जुड़ी घटनाओं से प्रभावित हुए हैं और 14,479 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। गजपति में सबसे ज्यादा 189 गांव प्रभावित हुए, जबकि गंजाम में 58 गांवों पर बारिश का असर पड़ा है। दूसरी ओर बालासोर की जलाका और बुधबलंगा तथा जाजपुर की बैतरणी और कानी नदियां खतरे के निशान को पार कर चुकी हैं। इससे एक बार फिर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

### सड़कें धंसीं, पुल टूटे और रेलवे ट्रैक पर भी आफत

मलकानगिरी में हालात खासे मुश्किल रहे, जहां संवेदनशील इलाकों से 2,259 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। कुछ पुल टूटने से सड़क संपर्क प्रभावित हुआ और एनएच-326 पर पानी बहने के कारण सैकड़ों वाहन फंस गए। पोतेरू इलाके में कई घरों में पानी घुस गया। कैंद्रापड़ा में हजारी छक के पास नवनिर्मित एनएच-53 का एक हिस्सा धंस गया। हादसे के समय वहां कोई वाहन खड़ा या चल नहीं रहा था। कंधमाल के कालिंगा घाट में भूस्खलन से करीब 200 मीटर लंबी गार्ड वॉल भी नीचे आ गई। खल्लिकोट के बड़ा घाटी में एनएच-16 पर बोल्डर गिरने से यातायात बाधित हुआ। गजपति के मोहना इलाके में कई सड़कें भूस्खलन से बंद हुईं, जबकि रायगड़ा में पेड़ गिरने और रेलवे ट्रैक पर भूस्खलन से ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं।

### मौसम विभाग ने दी राहत की खबर

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक ओडिशा में तबाही मचाने वाला गहरा दबाव अब कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल गया है और राज्य से बाहर निकलकर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में पहुंच गया है। हालांकि खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। मौसम केंद्र, भुवनेश्वर ने सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, बरगढ़, संबलपुर, क्योंझर, मयूरभंज, नुआपाड़ा और नबरंगपुर समेत कई जिलों में शनिवार सुबह तक भारी बारिश का अनुमान जताया है। जल संसाधन विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ दिलीप कुमार राउत ने कहा कि कई नदियों का जलस्तर बढ़ा है और कुछ जगह खतरे के निशान के ऊपर भी है, लेकिन फिलहाल बड़ी बाढ़ की आशंका नहीं है क्योंकि बारिश की रफ्तार कम हुई है।

# एक्सप्लेनर: बैंक कर्मचारी 28 से 30 सितंबर को क्यों कर रहे हैं हड़ताल, क्या इस महीने देर से आएगी आपकी सैलरी?




**बैंक कर्मचारी क्यों कर रहे हैं हड़ताल?**

इस हड़ताल की मुख्य वजह बैंकों में पांच दिन काम और दो दिन छुट्टी की व्यवस्था लागू करने की मांग है। अभी बैंक सोमवार से शुक्रवार तक पूरे दिन काम करते हैं। महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक बंद रहते हैं, जबकि बाकी शनिवार को काम होता है मई 2015 में हुए समझौते में दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक की छुट्टी घोषित की गई थी। इसके बदले बाकी शनिवार को आधे दिन की जगह पूरे दिन काम करने की व्यवस्था की गई और आगे चलकर सभी शनिवार को छुट्टी घोषित करने की दिशा में प्रयास करने की बात कही गई थी।नवंबर 2020 में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। उस समय भारतीय बैंक संघ और बैंक प्रबंधन ने मांग पर आगे बातचीत कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया।इसके बाद मार्च 2024 में हुए वेतन संशोधन समझौते में भारतीय बैंक संघ और बैंक प्रबंधन ने बाकी शनिवार को भी छुट्टी घोषित करने पर सहमति जताई। इसके बदले यूनियनों ने सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना काम के घंटे 40 मिनट बढ़ाने पर सहमति दी। यह समझौता मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा गया, लेकिन यूएफबीयू के मुताबिक ढाई साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी इस पर फैसला नहीं हुआ है।यूएफबीयू का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, सामान्य बीमा निगम, नाबार्ड और कई निजी कंपनियों में पहले से पांच दिन काम की व्यवस्था है। शेयर बाजार, मुद्रा बाजार और विदेशी मुद्रा बाजार में भी पांच दिन की व्यवस्था है। बैंकों में महीने के दो शनिवार पहले से छुट्टी हैं और अब बाकी शनिवार को भी छुट्टी घोषित करने की मांग है।यूएफबीयू ने कर्मचारियों और अधिकारियों को हड़ताल में शामिल नहीं होने के लिए डराने, धमकाने या दबाव डालने की कोशिशों का विरोध किया। संगठन ने खास तौर पर चौथे स्तर और उससे ऊपर के अधिकारियों और परिवीक्षाधीन अधिकारियों पर बनाए जा रहे दबाव का जिक्र किया।

देशभर में बैंक कर्मचारी और अधिकारी 28 से 30 सितंबर तक तीन दिन की हड़ताल पर रहेंगे। यह हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यानी यूएफबीयू ने बुलाई है। यूएफबीयू बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की सात यूनियनों का साझा मंच है और उसके मुताबिक यह बैंकिंग क्षेत्र के 90 फीसदी से ज्यादा कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है। बैंक कर्मचारी क्यों हड़ताल कर रहे हैं? उनकी क्या मांगे हैं? सरकार उनकी मांगों को लेकर क्या कर रही है? रविवार को बैंक क्यों खुले रहेंगे? ग्राहकों को बैंक क्या संदेश दे रहे हैं? क्या इस हड़ताल से इस महीने आपकी सैलरी देर से आएगी? आइए जानते हैं..

**यूएफबीयू ने अपनी मांग के समर्थन में क्या आंकड़े दिए?**

यूएफबीयू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बैंकिंग क्षेत्र में कर्मचारियों की संख्या और कारोबार से जुड़े आंकड़े साझा किए। संगठन के मुताबिक, 2012-13 में बैंक कर्मचारियों की संख्या 8.86 लाख थी, जो मार्च 2025 तक घटकर 7.58 लाख रह गई। वहीं बैंकिंग कारोबार 283 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया। यूएफबीयू ने अपने बयान में कहा कि हर 24 घंटे चलने वाली बैंकिंग सेवा के पीछे एक बैंक कर्मचारी होता है और उसके पीछे उसका परिवार होता है। संगठन के मुताबिक, मार्च 2024 में पांच दिन की बैंकिंग व्यवस्था पर सहमति बन चुकी थी और कर्मचारियों ने सोमवार से शुक्रवार तक ज्यादा समय काम करने पर सहमति दी थी। भारतीय बैंक संघ ने कहा कि पांच दिन की बैंकिंग व्यवस्था का मामला सरकार के विचाराधीन है




**पीएलआई को लेकर क्या मामला है?**

हड़ताल से जुड़ा दूसरा मुद्दा प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहन यानी पीएलआई का है। पीएलआई व्यवस्था 2020 के वेतन समझौते के तहत शुरू की गई थी और इसे अलग-अलग बैंकों के प्रदर्शन से जोड़ा गया था।बाद में वरिष्ठ बैंक अधिकारियों के लिए पीएलआई की संशोधित सरकारी योजना लाई गई। इसमें चौथे स्तर और उससे ऊपर के अधिकारियों को शामिल किया गया, जबकि निचले स्तर के अधिकारियों को इससे बाहर रखा गया। इसे लेकर बैंक अधिकारियों की यूनियनों ने आपत्ति जताई और प्रोत्साहन के बंटवारे पर सवाल उठाए। 22 सितंबर को नई दिल्ली में श्रम मंत्रालय के उप मुख्य श्रम आयुक्त के कार्यालय में सुलह बैठक हुई। इसमें यूएफबीयू के प्रतिनिधियों के साथ भारतीय बैंक संघ, वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग और बैंक प्रबंधन के प्रतिनिधि मौजूद थे।यूएफबीयू ने कहा कि मार्च 2024 के समझौते में पांच दिन की बैंकिंग व्यवस्था लागू करने पर सहमति बन चुकी है,

## आईआरडीएआई के प्रस्ताव से पीबी फिनटेक में भूचाल: दो दिन में 40% टूटा शेयर; कंपनी के 31,400 करोड़ डूबे




**31,400 करोड़ रुपये से ज्यादा की बाजार पूंजी साफ**

इस भूचाल के कारण कंपनी की बाजार पूंजी 31,400 करोड़ रुपये से ज्यादा साफ हो चुकी है। कंपनी के सह-संस्थापक याशिश दहिया ने माना है कि यदि ये नियम लागू होते हैं, तो जनरल इंश्योरेंस से मिलने वाला राजस्व मौजूदा स्तर से एक-तिहाई से 40% तक कम हो सकता है। हालांकि, कंपनी को वित्त वर्ष 2026-27 में तुरंत किसी बड़े असर की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगला वित्त वर्ष चुनौतियों भरा हो सकता है। बीमा उत्पाद ला सकती है कंपनी

दहिया ने संकेत दिए हैं कि यदि डिस्ट्रीब्यूटरों को उनके काम का उचित रिवॉर्ड नहीं मिलता है, तो कंपनी भविष्य में खुद के बीमा उत्पाद बनाने के क्षेत्र में उतरने पर विचार कर सकती है। कंपनी अपने डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांड पर होने वाले खर्च, सेल्स और कस्टमर सपोर्ट की समीक्षा कर रही है। हालांकि बड़े पैमाने पर छंटनी की कोई योजना नहीं है।क्या है IRDAI का नया प्रस्ताव?

बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने 'रीकैलिब्रेटिंग इकोनॉमिक्स ऑफ इंश्योरेंस डिस्ट्रिब्यूशन' नाम से एक कंसल्टेशन पेपर जारी किया है। इसमें जीवन, स्वास्थ्य और मोटर बीमा पर मिलने वाले कमीशन और डिस्ट्रीब्यूशन खर्चों पर कड़ी सीमा लगाने का प्रस्ताव है। नए प्रस्ताव के तहत ब्रोकर और बैंकों जैसे ओपन-आर्किटेक्चर चैनलों के जरिए बिकने वाले उत्पादों पर कमीशन कम करने का सुझाव है।वहीं, लाइफ इंश्योरेंस में पहले साल मिलने वाले कमीशन को घटाकर 5 से 20 फीसदी के बीच करने की बात कही गई है।

IRDAI के बीमा वितरण पर कमीशन और डिस्ट्रीब्यूशन खर्चों की सीमा तय करने के प्रस्ताव के बाद पीबी फिनटेक के शेयर में दो दिन में करीब 40% की गिरावट आई है। कंपनी के सह-संस्थापक याशिश दहिया के मुताबिक, नियम लागू होने पर जनरल इंश्योरेंस से कंपनी का राजस्व मौजूदा स्तर से एक-तिहाई से 40% तक घट सकता है।ऑनलाइन बीमा प्लेटफॉर्म पॉलिसीबाजार की मूल कंपनी पीबी फिनटेक पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। बीमा नियामक आईआरडीएआई (इरडा) की ओर से बीमा वितरण के नियमों में बड़े बदलाव का प्रस्ताव देने के बाद कंपनी के शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिली है। शुक्रवार को भी पीबी फिनटेक का शेयर 3.68% कमजोर हुआ। इससे एक दिन पहले कंपनी का शेयर करीब 36% टूटा था। दो दिन में शेयर करीब 40% टूट चुका है। शुक्रवार को बीएसई पर पीबी फिनटेक का शेयर 1,165.50 रुपये पर बंद हुआ। 24 सितंबर को शेयर 1,896.45 रुपये के स्तर से टूटा था।थर्ड-पार्टी मोटर इंश्योरेंस पर कमीशन बेहद कम करने का प्रस्ताव

थर्ड-पार्टी मोटर इंश्योरेंस जैसे अनिवार्य उत्पादों पर तो कमीशन बहुत कम या न के बराबर हो सकता है। नई हेल्थ पॉलिसियों पर कमीशन को 15-20% और रिन्यूवल पर 5-10% तक सीमित करने का प्रस्ताव है।

## महंगी पड़ रही कच्ची सामग्री से बढ़ा दबाव: क्या टाटा मोटर्स कारों की कीमतें फिर बढ़ाने पर कर रही विचार?

कच्ची सामग्री की बढ़ती लागत के बीच टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (Tata Motors Passenger Vehicles) अपनी कारों की कीमतों में एक और बढ़ोतरी पर विचार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्र ने कहा कि लागत बढ़ने का एक बड़ा हिस्सा अभी भी कंपनी खुद वहन कर रही है। हालांकि, भविष्य में कीमतों में बढ़ोतरी की जरूरत पड़ने पर इसे एक साथ लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। ताकि ग्राहकों की मांग पर अचानक असर न पड़े।कंपनी सितंबर में पहले ही एक बार कीमतें बढ़ा चुकी है। इसके बावजूद बढ़ती इनपुट लागत का असर पूरी तरह ग्राहकों पर नहीं डाला गया है। शैलेश चंद्र के मुताबिक, कंपनी हर महीने स्थिति की समीक्षा कर रही है और साथ ही लागत कम करने के प्रयास भी तेज कर रही है।

कच्ची सामग्री की बढ़ती कीमतों से टाटा मोटर्स पर कितना दबाव है?

शैलेश चंद्र के अनुसार, जीएसटी लागू होने के बाद अब तक वाहन निर्माताओं ने कीमतों में 5 प्रतिशत से कम की बढ़ोतरी की है। इस दौरान कच्ची सामग्री की लागत में बढ़ोतरी ने कंपनियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी के बाद वाहन निर्माता चाहें तो कीमतों में ज्यादा आक्रामक बढ़ोतरी कर सकते थे, लेकिन बाजार में छूट भी जारी रही। अब मांग की तुलना में आपूर्ति थोड़ी कम रहने के कारण छूट में कमी आना शुरू हो गई है।

चंद्र ने कहा कि वाहन निर्माताओं के लिए बड़ी चुनौती यह है कि कच्ची सामग्री की लागत जिस गति से बढ़ रही है, ।




**टाटा मोटर्स कारों की कीमतों में फिर बढ़ोतरी कब हो सकती है?**

शैलेश चंद्र ने पीटीआई से कहा कि कच्ची सामग्री की कीमतों में हुई बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा अभी भी टाटा मोटर्स खुद वहन कर रही है। कंपनी लागत कम करने की दिशा में भी काम कर रही है और हर महीने यह समीक्षा करती है कि कीमतों में अगली बढ़ोतरी के लिए सही समय और गुंजाइश कब बनती है।उन्होंने कहा कि कंपनी ने सितंबर में पहले ही कीमत बढ़ाई है, इसलिए अगली बढ़ोतरी के समय के बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

अगर आगे कीमत बढ़ाने का फैसला लिया जाता है, तो कंपनी इसे छोटे-छोटे चरणों में लागू करेगी। चंद्र के मुताबिक, इसका उद्देश्य एकमुश्त बड़ी बढ़ोतरी से बचना और मांग पर अचानक पड़ने वाले असर को कम करना है।कंपनी का कहना है कि अगर भविष्य में कीमतों में और बढ़ोतरी की जाती है तो इसे धीरे-धीरे और छोटे चरणों में लागू किया जाएगा। टाटा मोटर्स का मानना है कि एक साथ बड़ी कीमत बढ़ाने के बजाय समय के साथ छोटी बढ़ोतरी करने से बाजार की मांग पर तत्काल असर को सीमित किया जा सकता है।

वहीं, कच्ची सामग्री की कीमतें आगे किस दिशा में जाएंगी, इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। हालांकि, चंद्र ने कहा कि फिलहाल उत्पादन या आपूर्ति के मोर्चे पर कोई बड़ा खतरा नजर नहीं आ रहा है।टाटा मोटर्स ने सितंबर में यात्री वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की थी। इसके अलावा कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में अपने पूरे वाणिज्यिक वाहन पोर्टफोलियो की कीमतों में 1 अक्टूबर से 1 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की घोषणा की थी।

यात्री वाहनों की कीमतों को लेकर अगली बढ़ोतरी का समय अभी तय नहीं किया गया है और कंपनी स्थिति की मासिक समीक्षा कर रही है।

## सर्राफा बाजार: सोना 1,600 रुपये, चांदी 5,000 रुपये लुढ़की; क्या क्रूड में उछाल और डॉलर मजबूती ने बढ़ाई बिकवाली




**सोने-चांदी पर क्यों बढ़ा वैश्विक दबाव?**

वैश्विक बाजारों में भी कीमती धातुओं पर दबाव समान रूप से दिखा। हाजिर सोना 33.74 अमेरिकी डॉलर या करीब 1 फीसदी गिरकर 4,253.61 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चांदी भी 1.4 फीसदी गिरकर 63.56 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी इन धातुओं के लिए एक और बाधा बन गई। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज़ के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया से आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण कच्चा तेल उछला। इससे वैश्विक बाजारों में सोना 4,274 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के नीचे फिसल गया। बढ़ती अमेरिकी ट्रेजरी आय और डॉलर सूचकांक का 101 अंक से ऊपर बढ़ना भी दबाव का कारण बना। बाजार भागीदार अब फेडरल रिजर्व की अक्तूबर की बैठक में ब्याज दर में बढ़ोतरी की 70 फीसदी संभावना मान रहे हैं। ऊंची ऊर्जा कीमतें वैश्विक केंद्रीय बैंकों के पास मौद्रिक नीति में ढील देने की गुंजाइश कम कर सकती हैं। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग के बीच व्हाइट हाउस में होने वाली उच्च-स्तरीय बैठक पर भी नजर रख रहे थे। इस बातचीत में व्यापार, एआई और ईरान युद्ध जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

नई दिल्ली में सोने की कीमतें 1,600 रुपये गिरकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं, जबकि चांदी 5,000 रुपये लुढ़ककर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती, कच्चे तेल के दाम में उछाल और भू-राजनीतिक जोखिमों ने सर्राफा बाजार पर दबाव डाला। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमतों में 1,600 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। यह लगातार चौथा सत्र था जब सोने के दाम गिरे। मजबूत अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने इस कीमती धातु पर दबाव डाला। सभी करों सहित, 99.9 फीसदी शुद्धता का सोना 1,52,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जो बुधवार के 1.54 लाख रुपये के बंद स्तर से कम था। चांदी भी दो सत्रों तक अपरिवर्तित रहने के बाद गिरावट के रुख में आ गई। यह 5,000 रुपये लुढ़ककर 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। पिछले सत्र में सफेद धातु 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। स्थानीय कारोबारियों ने सोने में लगातार बिकवाली का कारण कमजोर वैश्विक रुझान और ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली बताया। चांदी पर अधिक अस्थिरता और औद्योगिक मांग के प्रति संवेदनशीलता के कारण ज्यादा असर पड़ा।

## द बोनस मार्केट अपडेट: शेयर बाजार में लौटी हरियाली; सेंसेक्स 176 अंक मजबूत हुआ, निफ्टी 23100 के पार




**भारतीय शेयर बाजार में आज ओपनिंग किस स्तर पर हुई?**

गुरुवार की भारी गिरावट के बाद आज घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स की तरह भारतीय इंडेक्स भी सतर्क नजर आए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रमुख सूचकांक निफ्टी 50 आज सुबह 23,221.80 के स्तर पर खुला। वहीं कल के बंद स्तर (23,063.10) के मुकाबले बाजार में शुरुआत में 100 से अधिक अंकों की बढ़त दर्ज की गई, जिससे शुरुआती कारोबार में निफ्टी 23,050 के ऊपर टिका रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स भी शुरुआती घंटी बजते ही 100 से अधिक अंकों की तेजी के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में बाजार निचले स्तरों से एक टेक्निकल बाउंस-बैक (सुधार) दिखाने की कोशिश कर रहा है। कल जहां हर सेक्टर लाल निशान में डूबा था, वहीं आज शुरुआत में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और ट्रेंट जैसी कंपनियां टॉप गेनर्स की लिस्ट में शामिल होकर बाजार को सहारा दे रही हैं। हालांकि, बाजार में अभी भी ऊपरी स्तरों पर सावधानी देखी जा रही है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि कल की बड़ी गिरावट के बाद यह एक शॉर्ट-कवरिंग रैली हो सकती है,

भारतीय शेयर बाजार में कल की भारी गिरावट के बाद आज 25 सितंबर 2026 को शुरुआती कारोबार में हल्की रिकवरी देखने को मिली है। निफ्टी 50 और सेंसेक्स की ओपनिंग से लेकर बाजार के ताजा हाल और ट्रिगर्स को आसान भाषा में समझें। गुरुवार को बाजार में चौतरफा बिकवाली हुई थी जिससे निवेशकों के अरबों रुपये डूब गए। लेकिन शुक्रवार सुबह बाजार ने थोड़ी सी राहत की सांस ली है। वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों और क्रूड ऑयल में मामूली नरमी की वजह से आज दलाल स्ट्रीट ने हरे निशान के साथ शुरुआत की है। सुबह 9 बजकर 29 मिनट पर सेंसेक्स 176.20 (0.23%) अंकों की बढ़त के साथ 73,756.74 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 46.50 अंक मजबूत होकर 23,109.60 (0.20%) के स्तर पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 14 पैसे बढ़कर 95.85 पर पहुंच गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध खत्म करने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए एक चरणबद्ध समझौते पर चर्चा चल रही है। इस खबर से कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी नरमी आई है और यह लगभग $106 प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है।



## अंजलि आनंद: छोड़ने वाली थीं अभिनय, कास्टिंग डायरेक्टर ने दी वजन कम करने की सलाह; फिर ऐसे मिली करण जौहर की फिल्म

Anjali Anand: अभिनेत्री अंजलि आनंद ने करण जौहर की फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से डेब्यू किया था। अब एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उन्हें यह मूवी मिली। फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान अक्सर जानी-मानी हस्तियों के घर जाती हैं और वहां से व्लॉग बनाकर उन्हें यूट्यूब पर शेयर करती हैं। अब हाल ही में फराह अभिनेत्री अंजलि आनंद के मुंबई स्थित घर पहुंचीं। इस दौरान अंजलि ने फराह को अपने घर की झलक दिखाई। साथ ही बातों ही बातों में यह भी बताया कि कैसे उन्हें अपनी डेब्यू फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' मिली।

**क्यों अभिनय छोड़ना चाहती थीं अंजलि**

फराह से बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, '2020 मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर था। मैं सोच रही थी कि मैं इंडिया से बाहर चली जाउंगी। अब मुझे एक्टिंग नहीं करनी। कुछ मिल नहीं रहा था, क्योंकि लॉकडाउन हो गया था। लॉकडाउन में सारे पैसे खत्म हो गए थे, क्योंकि उस समय किराए पर अकेले रहती थी। तो सब खत्म हो गया था, तब छह महीने में जितनी सेविंग्स थी सब खत्म हो गई थी।'

**कास्टिंग डायरेक्टर ने दी वजन कम करने की सलाह**

अंजलि आनंद ने आगे बताया, 'फिर मेरे दोस्त मुझे गोवा लेकर गए। वहां मुझे कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा का मैसेज आया। मैं उन्हें हमेशा से जानती हूं और जब भी उनसे मिलती थी, वह कहती थीं कि तुम वजन कम करो, फिर हम कुछ करेंगे। मेरी मां को भी भरोसा नहीं था। उन्होंने कहा, 'बड़ी आई करण जौहर से मिलने, तुमसे क्यों मिलेगा वो।'

**अंजलि को कैसे मिली करण की फिल्म**

अभिनेत्री ने आगे बताया, 'शानू ने मुझे बताया कि करण ने तुम्हारी फोटो देखी और उन्हें पसंद आई। वो फिल्म के इस पार्ट के लिए एक्टर देख रहे हैं। अगर तुम ऑडिशन पार कर लो, तो वह तुम्हें ले लेंगे।' अंजलि ने बताया कि करण जौहर उनकी तस्वीरों और ऑडिशन से प्रभावित हुए थे। अंजलि पूर्व अभिनेता दिनेश आनंद की बेटी हैं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने से पहले उन्हें भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने 2021 की फिल्म 'बेल बॉटम' में भी काम किया था, लेकिन उसमें उनका रोल अनक्रेडिटेड था। इसके बाद अंजलि ने 2023 में आई 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। वह हाल ही में 'धमाल 4' में नजर आई थीं।

- अंजलि ने टीवी शो में भी किया है कामअंजलि ने 2017 में 'ढाई किलो प्रेम' जैसे टीवी शोज में काम किया था।
- 2018 में वह 'कुल्फी कुमार बाजेवाला' में नजर आईं।

## ममता कुलकर्णी: 'करण अर्जुन' के गाने पर एक्ट्रेस ने लगाए ठुमके यूजर ने पूछा- इन्होंने तो संन्यास ले लिया था?




Mamta kulkarni Dance Video: साध्वी बन चुकीं ममता कुलकर्णी का हाल ही में ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला। वे जयपुर में एक इवेंट में थिरकती नजर आईं। ममता कुलकर्णी ने 90 के दशक में बॉलीवुड में अच्छा नाम कमाया। कई चर्चित फिल्मों का हिस्सा रहीं। मगर, फिर अचानक फिल्मी दुनिया छोड़ दी। वे अध्यात्म की राह पर चल पड़ीं। बीते साल प्रयागराज में महाकुंभ में उन्होंने संन्यास ले लिया। शोबिज से दूरी बना चुकीं ममता कुलकर्णी ने हाल ही में अपने ग्लैमरस अंदाज से सभी को चौंका दिया। जयपुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने अपने चर्चित गाने 'भंगड़ा पाले' पर ठुमके लगाए।

**ममता कुलकर्णी ने जमाई महफिल**

ममता कुलकर्णी कल शुक्रवार को जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। यह विद्यार्थियों से जुड़ा फेस्टिवल था। इसमें ममता कुलकर्णी ने न सिर्फ शिरकत की, बल्कि स्टेज पर डांस परफॉर्मेंस भी दी। उन्होंने अपने 90 के दशक के चर्चित गानों पर डांस किया। ममता ने 'करण अर्जुन', 'सबसे बड़ा खिलाड़ी' से लेकर 'घातक' तक के गानों पर धमाकेदार डांस कर महफिल जमा दी।

'करण अर्जुन' के गाने पर थिरकीं ममता

ममता कुलकर्णी ने एक डांस वीडियो खुद अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है। इसमें वे फिल्म 'करण अर्जुन' के हिट गाने 'भंगड़ा पाले' पर डांस करती नजर आ रही हैं। इस इवेंट में ममता का एक बार फिर पुराना ग्लैमरस अंदाज देखने को मिला। बता दें कि साल 1995 में आई फिल्म 'करण अर्जुन' में सलमान खान और शाहरुख खान के साथ काजोल और ममता कुलकर्णी अहम भूमिका में थीं।

**नेटिजंस ने दी ऐसी प्रतिक्रिया**

ममता को डांस करते देख उनके फैंस का तो मानो दिन बन गया। सभी को एक बार फिर 90 का वही दौर याद आ गया, जब ममता का सिक्का इंडस्ट्री में चलता था। वहीं, कुछ यूजर्स चौंक गए और सवाल किया कि इन्होंने तो संन्यास ले लिया था। कुछ यूजर्स ने ममता से गुजारिश करते हुए कहा कि वे एक बार फिर सिनेमा की दुनिया में वापसी करें। बॉलीवुड अभिनेत्री ममता कुलकर्णी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में वह फिल्म करण अर्जुन के गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं। ।

## जेलर 2: रजनीकांत की फिल्म का गाना हुआ रिलीज

### सुपरस्टार के स्टारडम की दिखी झलक; यूजर्स ने दी ऐसी प्रतिक्रिया



Jailer 2 New Song One Sun One Moon: साल 2023 में आई एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'जेलर' को लोगों ने काफी पसंद किया था। अब मेकर्स लगभग तीन साल बाद इसका दूसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' का नया गाना 'वन सन, वन मून' रिलीज हो गया है। रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जेलर 2' अगले महीने अक्टूबर में रिलीज होने के लिए तैयार है। ऐसे में फिल्म की रिलीज से पहले मेकर्स लगातार इसके गाने जारी कर रहे हैं। हाई-एनर्जी गाने 'अला बोलेलो' के बाद अब फिल्म का दूसरा गाना 'वन सन, वन मून' का लिरिकल वीडियो यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। 'वन सन, वन मून' में रजनीकांत की विरासत और उनके स्टारडम को दिखाया गया है। इस लिरिकल वीडियो में 'जेलर' के सीक्वल से रजनीकांत की कुछ नई झलकियां भी देखने को मिलती हैं।

- किसने किया है 'वन सन, वन मून' को कंपोजफिल्म 'जेलर 2' के गाने 'वन सन, वन मून' को अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है।
- इसे अनिरुद्ध और एमएस कृष्णा ने गाया है।
- गाने के बोल हाइजेनबर्ग और सुपर सुबु ने लिखे हैं।

**यूजर्स ने दी कैसी प्रतिक्रिया?**

- रजनीकांत की फिल्म के नए गाने 'वन सन, वन मून' को देखने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स ने अलग-अलग रिएक्शन भी दिए हैं।

## बिग बॉस 20: वीकएंड का वार में सलमान खान लगाएंगे रीति तिवारी की क्लास?




Bigg Boss 20: रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के वीकएंड के वार का प्रोमो सामने आया है। इसमें सलमान खान को नाराज होते देखा जा सकता है। उन्होंने रीति तिवारी की क्लास लगाई है। शो 'बिग बॉस' का 20वां सीजन काफी मजेदार चल रहा है। यहां आपस में प्रतिभागियों के झगड़े भी होते हैं। बीते दिनों रीति तिवारी और काजी तौकीर के बीच जबर्दस्त फाइट हुई। रीति ने कुछ 'अपशब्द' भी काजी को बोल दिए। फिर, एक टास्क के दौरान भी रीति ने काजी को काफी गलत शब्द कहे। उनके इसी व्यवहार पर सलमान खान फटकार लगाते दिखेंगे।

**सलमान खान ने रीति से क्या कहा?**

'बिग बॉस' में वीकएंड का वार एपिसोड में सलमान खान घरवालों के पूरे वीक के व्यवहार पर चर्चा करते हैं। नियम और सीमाएं तोड़ने वाले प्रतिभागियों को लताड़ा भी जाता है। इस बार निशाने पर रीति तिवारी और आसिफ खान रहे। सामने आए प्रोमो में सलमान खान ने रीति से कहा, 'आप काजी के प्रति बहुत ही जलन रखती हैं और असुरक्षित हैं'। इस पर रीति कहती हैं, 'मैं जलती तो नहीं हूं, मुझे एक इंसान के तौर पर वह पसंद नहीं हैं'।

सलमान ने आगे कहा, 'एक लिमिट में डिसरिस्पेक्ट करना होता है, लेकिन तुमने सारी हदें पार कर दीं'। रीति ने अपनी सफाई दी, मगर सलमान ने एक नहीं सुनी। बता दें कि रीति, अभिनेता और भाजपा सांसद मनोज तिवारी की बेटी हैं।

**सलमान ने आसिफ खान से किया सवाल**

प्रोमो में देखा जा सकता है कि इसके बाद सलमान खान सभी घरवालों से कहते हैं, 'आप लोगों को ये नहीं लगा कि ये डिसरिस्पेक्ट की सारी लाइन क्रॉस कर गईं। आप लोग चढ़ा रहे थे और ये चढ़ रही थीं'। इसके बाद सलमान ने गुस्से में आसिफ खान से पूछा, 'कहां गई आपकी अक्ल ? अगर आपकी बहन के ऊपर ये डिस होता और इसे कोई और करती तो करने देते आप'?

**क्या था माम**ला?

बिग बॉस में एक टास्क हुआ। इसमें यंग और काजी की टीम के बीच प्रतिस्पर्धा थी। दोनों टीमों को एक-दूसरे के प्रतिभागियों को डिस (Diss) यानी बेइज्जत करना था। उनकी आलोचना करनी थी। टास्क की ओट में रीति ने हदें पार करते हुए काजी को काफी कुछ गलत कहा। उनकी टीम उन्हें रोकने की जगह बढ़ावा देती नजर आई। इसी के चलते सलमान खान ने रीति और आसिफ की क्लास लगाई है। बता दें कि यह रियलिटी शो हर दिन रात नौ बजे जियो हॉटस्टार पर आता है और रात साढ़े दस बजे कलर्स पर प्रसारित होता है।

## एक्सक्लूसिव: जमुई मामले पर क्या बोलीं फातिमा?

### बॉडी शेमिंग पर पूछा सवाल- किसी के शरीर पर बोलने वाले आप कौन?



Fatima Sana Shaikh on Jamui Case: फातिमा इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज 'हुंकार' को लेकर चर्चा में हैं। अमर उजाला से बातचीत में जब महिलाओं के खिलाफ होने वाली हालिया घटनाओं पर सवाल किया गया तो उन्होंने जमुई मामले का जिक्र किया। बिहार के जमुई में बीते दिनों नाबालिग लड़की के साथ हुई घटना ने महिलाओं की सुरक्षा और समाज की सोच पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना का वीडियो सामने आने के बाद यह मामला चर्चा में आया था। अब अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है।

**उस लड़के ने कमाल ही हिम्मत दिखाई'**

फातिमा ने कहा कि 2026 में भी महिलाओं के साथ ऐसी घटनाएं होना बेहद दुखद है। वह बोलीं- '17 साल की उस लड़की के साथ जो कुछ भी हुआ, वह पूरी तरह गलत था। वहां एक 17 साल का लड़का भी था, जिसने हिम्मत दिखाई, जो अच्छी बात है।



बस इज्जत करना सीख जाएं'

समाज में एक बदलाव लाने का मौका मिले तो वह किस तरह का बदलाव चाहेंगी? पूछा जाने पर फातिमा ने कहा, 'मुझे समाज में बहुत सारे बदलाव चाहिए। सभी जेंडर, जाति और वर्ग के बीच बराबरी होनी चाहिए। अगर किसी दिन ऐसा हो पाया तो वही बहुत बड़ा बदलाव होगा। सबसे जरूरी है इंसान के लिए बुनियादी सम्मान। आप कहां से आए हैं? आपका बैकग्राउंड क्या है? इससे फर्क नहीं पड़ना चाहिए। एक-दूसरे की इज्जत करना सीख जाएं। इससे बड़ा बदलाव और कुछ नहीं हो सकता। मुझे लगता है कि अगर इंसान इतना सीख जाए तो आधी तकलीफ खत्म हो जाएगी।' महिलाओं की मॉरल पुलिसिंग को लेकर भी फातिमा ने बेबाक राय दी। उन्होंने कहा, 'हमें महिलाओं की मोरल पुलिसिंग बंद करके पुरुषों की मोरल पुलिसिंग शुरू करनी चाहिए। इससे बहुत सारे बदलाव आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि सभी पुरुष खराब हैं। बहुत अच्छे पुरुष भी हैं, लेकिन महिलाओं की तुलना में यह संख्या बहुत कम है। यह बहुत दुखद है।' सोशल मीडिया पर महिलाओं की बॉडी शेमिंग को लेकर भी फातिमा ने चिंता जताई। हाल में मां बनने के बाद कटरीना कैफ को बॉडी शेमिंग का सामना करने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'इन दिनों खासकर ऑनलाइन ट्रोलिंग बहुत ज्यादा बढ़ गई है। यह बहुत दुखद है। हाल में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां किसी को बॉडी शेम किया जा रहा है।

# Aaj Ka Rashifal 26 September

**मेष-वृषभ सहित इन राशि वालों को मिलेगा लाभ, नई उम्मीदों और उत्साह से भरा रहेगा दिन**



**Rashifal 26 September 2026:** आज का दिन कुछ राशियों के लिए करियर और आर्थिक मामलों में नए अवसर लेकर आ सकता है, तो कुछ लोगों को रिश्तों और फैसलों में सावधानी बरतनी होगी। जानें मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।

**Rashifal 26 September 2026:** आज का दिन सभी 12 राशियों के लिए अलग-अलग परिणाम लेकर आ सकता है। ग्रहों की स्थिति के प्रभाव से कुछ राशि वालों को आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकता है, तो वहीं कुछ लोगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में नौकरी, परिवार और सेहत के लिहाज से दिन कैसा रहेगा, आइए जानते हैं आज का राशिफल।

### मेष

आज का दिन आपके लिए नई उम्मीदों और उत्साह से भरा रहेगा। सुबह से ही मन प्रसन्न रहेगा और कोई अच्छी खबर आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। करियर में मिलने वाला कोई शानदार अवसर भविष्य को लेकर आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। परिवार का साथ और घर का माहौल सुकून देने वाला रहेगा। हालांकि काम की भागदौड़ के बीच अपनी सेहत को नजरअंदाज न करें और खानपान में सावधानी रखें। किसी कानूनी या कागजी मामले में अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकती है।

### वृषभ

आज मेहनत और व्यस्तता दोनों अधिक रहेंगी, लेकिन आपकी यही मेहनत आगे चलकर अच्छे परिणाम देगी। कारोबार में नया आइडिया आज आपको आगे बढ़ने का रास्ता दिखा सकता है। किसी नए प्रोडक्ट या योजना पर काम शुरू करने के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। आपकी समझदारी और बेहतर प्लानिंग लोगों का ध्यान खींचेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं और निवेश से जुड़ा कोई अवसर भी सामने आ सकता है। लंबे समय से अटका काम पूरा होने पर मन को खास संतोष मिलेगा।

### मिथुन

आज आर्थिक मामलों में राहत और मजबूती महसूस हो सकती है। कमाई के अतिरिक्त साधन मिलने की संभावना है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और बेहतर होगी। खर्चों को लेकर आप पहले से ज्यादा समझदारी दिखाएंगे और बचत पर भी ध्यान देंगे। हालांकि बातचीत करते समय शब्दों का चुनाव सोच-समझकर करें, क्योंकि आपकी कही कोई छोटी बात गलत समझी जा सकती है। जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें। प्रॉपर्टी या निवेश से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपके उत्साह को बढ़ा सकती है।

### कर्क

आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और कार्यक्षेत्र में आपके काम की सराहना हो सकती है। तारीफ मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप नई जिम्मेदारियों को भी उत्साह से निभाएंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी और घर का माहौल भी खुशनुमा रहेगा। परिवार से जुड़ी कोई पुरानी परेशानी सुलझ सकती है। निवेश का कोई नया अवसर आकर्षित कर सकता है, लेकिन कार्यस्थल पर अपनी निजी बातें साझा करने से बचें। विरोधियों की गतिविधियों पर नजर रखना आपके लिए बेहतर रहेगा।

### सिंह

आज किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से बचना जरूरी होगा। सोच-विचार के बिना उठाया गया कदम परेशानी बढ़ा सकता है। काम को टालने की आदत भी आज नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए अपनी जिम्मेदारियां समय पर पूरी करने की कोशिश करें। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। पुराने कर्ज या आर्थिक जिम्मेदारियों को कम करने की दिशा में भी सकारात्मक प्रगति हो सकती है।

### कन्या

आज का दिन कुछ उलझनों के साथ शुरू हो सकता है, लेकिन आपकी समझदारी और धैर्य आपको हर स्थिति से बाहर निकाल लेंगे। नया काम शुरू करने का विचार मन में आएगा, मगर अगर किसी बात को लेकर संशय है तो फैसला लेने में जल्दबाजी न करें। परिवार आज आपकी प्राथमिकता रहेगा और घर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मन को खुश कर सकती है। परिवार में किसी नए सदस्य के आने की खुशी भी मिल सकती है। सामाजिक मेलजोल बढ़ेगा और लोगों के बीच आपका सम्मान भी मजबूत होगा।

### तुला

आज आपकी सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के संकेत हैं और आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ नए प्रयास कर सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से मन को बड़ी राहत मिलेगी। हालांकि बढ़ती सुविधाओं के साथ खर्च भी बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट का ध्यान रखना जरूरी होगा। किसी दूर रहने वाले रिश्तेदार से बातचीत या मुलाकात पुरानी यादों को ताजा कर सकती है। नौकरी बदलने या किसी नए अवसर से जुड़ी खबर आपके लिए उत्साहजनक साबित हो सकती है।

### वृश्चिक

आज नई शुरुआत आपके लिए उत्साह और सफलता के नए रास्ते खोल सकती है। कुछ अलग करने की इच्छा मजबूत रहेगी और सही दिशा में किया गया प्रयास आपको अच्छा लाभ दे सकता है। वाहन या किसी बड़ी वस्तु की खरीदारी का विचार आगे बढ़ सकता है। माता जी के साथ धार्मिक यात्रा या किसी आध्यात्मिक स्थान की यात्रा मन को शांति देगी। ऑफिस में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तालमेल बनाए रखें, क्योंकि छोटी बात को विवाद बनने से रोकना आपके हाथ में रहेगा। पुराने मित्र से मुलाकात दिन को यादगार बना सकती है।

### धनु

आज अपनी सेहत को लेकर थोड़ी अतिरिक्त सावधानी बरतना आपके लिए अच्छा रहेगा। काम के बीच पर्याप्त आराम लें और खानपान को लेकर लापरवाही न करें। मौसम का असर शरीर पर महसूस हो सकता है। दूसरी ओर, किसी नई योजना या प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह बढ़ेगा और आप भविष्य की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार करेंगे। आमदनी बढ़ाने के नए रास्ते तलाशने की इच्छा रहेगी। संतान की पढ़ाई से जुड़ी किसी परेशानी को बातचीत और समझदारी से आसानी से सुलझाया जा सकता है।

### मकर

आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरा रह सकता है, लेकिन आपकी सूझबूझ हर स्थिति को संभालने में मदद करेगी। अतीत से जुड़ी कोई बात अचानक सामने आने पर थोड़ी असहजता हो सकती है, मगर परिवार का सहयोग आपको मजबूती देगा। करियर में नई जिम्मेदारी मिलने या नौकरी से जुड़ा कोई अवसर सामने आने की संभावना है। स्वास्थ्य में पेट से जुड़ी परेशानी को नजरअंदाज न करें। साथ ही दूसरों की बातों या अफवाहों पर तुरंत भरोसा करने के बजाय तथ्यों की जांच करना बेहतर रहेगा।

### कुंभ

आज आपके जीवन में प्रगति की रफ्तार बढ़ती हुई महसूस हो सकती है। परिवार या संतान की ओर से मिलने वाली कोई अच्छी खबर आपका मन खुश कर देगी। घर के किसी मामले को बातचीत के जरिए सुलझाने से रिश्तों में और मजबूती आएगी। विद्यार्थियों के लिए भी राहत का समय रहेगा और मानसिक दबाव कम होने से पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना आसान होगा। कारोबार में कोई अनुभवी व्यक्ति आपको ऐसी सलाह दे सकता है, जो आगे चलकर आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो।

### मीन

आज आपके कामों को एक नई दिशा मिलेगी और आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। रिश्तों में ताजगी महसूस होगी और आप पुरानी गलतियों को पीछे छोड़कर बेहतर शुरुआत करने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी की ओर से मिला कोई प्यारा सरप्राइज आपका दिन खास बना सकता है। हालांकि पुरानी स्वास्थ्य समस्या कभी-कभी परेशानी दे सकती है, इसलिए लापरवाही से बचें। नौकरी में मनपसंद जिम्मेदारी या काम मिलने से आपको संतोष के साथ खुशी भी महसूस होगी।

# Aaj Ka Love Rashifal

## इन राशि वालों के प्रेम जीवन में आएंगी खुशियां, साथी के साथ घूमने के मिलेंगे मौके



आज आपके कामों को एक नई दिशा मिलेगी और आत्मविश्वास पहले से मजबूत होगा। रिश्तों में ताजगी महसूस होगी और आप पुरानी गलतियों को पीछे छोड़कर बेहतर शुरुआत करने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी की ओर से मिला कोई प्यारा सरप्राइज आपका दिन खास बना सकता है। हालांकि पुरानी स्वास्थ्य समस्या कभी-कभी परेशानी दे सकती है, इसलिए लापरवाही से बचें। नौकरी में मनपसंद जिम्मेदारी या काम मिलने से आपको संतोष के साथ खुशी भी महसूस होगी।

## बुध गोचर 2026: 26 सितंबर से इन 3 राशियों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, जानें बचाव के उपाय




बुध 26 सितंबर 2026 को तुला राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस गोचर का प्रभाव तीन राशियों के लिए चुनौतीपूर्ण रह सकता है। ऐसे में इन राशि वालों को धन, नौकरी और महत्वपूर्ण निर्णयों के मामले में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी जाती है।

ज्योतिष में ग्रहों के राशि परिवर्तन को विशेष महत्व दिया जाता है। बुध को बुद्धि, संवाद, तर्क, व्यापार और निर्णय क्षमता का कारक माना जाता है। इसलिए जब बुध एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करते हैं, तो ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इसका प्रभाव सभी राशियों पर अलग-अलग हो सकता है। कुछ जातकों के लिए यह समय प्रगति के अवसर लेकर आता है, जबकि कुछ को कामकाज और आर्थिक मामलों में अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

बुध 26 सितंबर 2026 को तुला राशि में प्रवेश करेंगे।

## अंक ज्योतिष 26 सितंबर: मूलांक 6 और 7 वालों के रिश्तों में दूर होगी गलतफहमी, पढ़ें दैनिक अंक ज्योतिषफल



**Ank Jyotish 25 September 2026:** अंक ज्योतिष के अनुसार आज का दिन मूलांक 1 से 9 वालों के लिए अलग-अलग परिणाम लेकर आ सकता है। किसी को करियर में सफलता मिलेगी, तो किसी के लिए धन और रिश्तों के मामले में दिन खास रहेगा। जानें आज का अंक भविष्यफल।

**Ank Jyotish 25 September 2026:** अंक ज्योतिष में जन्मतिथि से प्राप्त मूलांक के आधार पर व्यक्ति के दिन से जुड़े संभावित प्रभावों का आकलन किया जाता है। आज 25 सितंबर 2026 को भी मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए दिन के परिणाम अलग-अलग रह सकते हैं। किसी के लिए कामकाज और करियर में आगे बढ़ने के अवसर बनेंगे, तो किसी को आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत पड़ सकती है। आज कुछ मूलांक वालों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे महत्वपूर्ण फैसले लेने में खुद को अधिक सहज महसूस करेंगे। मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए 25 सितंबर 2026 का दिन कैसा रहेगा, किस मूलांक को मिल सकता है लाभ और किसे किन मामलों में सावधानी बरतनी होगी

## अक्तूबर लकी राशिफल 2026: अक्तूबर माह में मेष-कन्या सहित इन राशि वालों की बदलेगी किस्मत, शुरू होंगे अच्छे दिन




**October Lucky Horoscope 2026:** अक्तूबर माह की शुरुआत कुछ राशि वालों के लिए बेहद खास रहने वाली है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस महीने कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, जिससे कुछ राशि वालों का भाग्योदय हो सकता है। मनचाही सफलता के योग बनेंगे।

**October Lucky Horoscope 2026:** अक्तूबर माह की शुरुआत कुछ राशि वालों के लिए बेहद खास रहने वाली है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस महीने कई बड़े ग्रह राशि परिवर्तन करेंगे, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के जीवन पर देखने को मिलेगा। अक्तूबर में सूर्य अपनी चाल बदलेंगे और कई महत्वपूर्ण ग्रहों की स्थिति में भी बदलाव आएगा। इस दौरान त्रिग्रही योग का निर्माण होगा, वहीं गुरु भी अपना राशि परिवर्तन करते हुए साल का बड़ा गोचर करेंगे। इस दौरान वह कर्क राशि में अपनी यात्रा को विराम देकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। इसके अलावा चंद्रमा भी समय-समय पर परिवर्तन करते हुए कई शुभ योगों का निर्माण करेंगे। ग्रहों की इन बदलती स्थितियों का लाभ कुछ राशि वालों को मिल सकता है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलने के साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार के योग बनेंगे। आइए जानते हैं अक्तूबर माह की इन लकी राशियों के बारे में।

**मेष राशि**

मेष राशि वालों के लिए अक्तूबर का महीना सफलता लेकर आ सकता है। इस दौरान नौकरी और करियर से जुड़े प्रयास सफल हो सकते हैं। परिवार में आपके खुशियां बनी रहेंगी। धन लाभ होता दिख रहा है और नौकरी नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में नए और बेहतर अवसर मिलेंगे, जिससे उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिल सकता है। छात्रों के लिए समय और भी खास रहेगा, क्योंकि मेहनत का उचित परिणाम मिलने से आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

## भारत बनाम वेस्टइंडीज: शुभमन गिल को नेट्स पर लगी चोट
## कोहली-रोहित ने की वापसी मेहमानों ने नहीं किया अभ्यास



शुभमन गिल को नेट्स पर मोहम्मद सिराज की गेंद कोहनी पर लगने से चोट लगी, हालांकि इलाज के बाद उन्होंने दोबारा बल्लेबाजी की। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने भी नेट्स पर अभ्यास किया, जबकि वेस्टइंडीज की टीम शहर पहुंचने के बावजूद अब तक ट्रेनिंग के लिए मैदान पर नहीं उतरी है। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी मुकाबले से पहले शुक्रवार को नेट्स पर चोट लगने से टीम की चिंता बढ़ गई। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की उठती हुई गेंद गिल की कोहनी पर जा लगी, जिसके बाद वह दर्द में नजर आए और करीब 20 मिनट तक उन्हें चिकित्सकीय मदद की जरूरत पड़ी। गिल इसके बाद कुछ समय के लिए नेट्स से दूर रहे, लेकिन बाद में उन्होंने दोबारा बल्लेबाजी शुरू की। उन्होंने थ्रोडाउन का सामना किया और इसके बाद भारतीय टीम ने अपना अभ्यास सत्र समाप्त किया। चोट कितनी गंभीर है, इसे लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस बीच भारतीय क्रिकेट के दो अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा भी नेट्स पर साथ नजर आए। कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के पिछले वनडे मुकाबले में नहीं खेले थे। दोनों दिग्गजों ने करीब 20 मिनट तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। वे एक-दूसरे से सटे नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे थे और भारतीय गेंदबाजों के अलावा स्थानीय नेट गेंदबाजों के मिश्रित गेंदबाजी समूह का सामना किया। दोनों बल्लेबाज अभ्यास के दौरान सहज नजर आए।

- भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने टीम में मौजूद अनुभवी खिलाड़ियों और युवा क्रिकेटरों के बीच बातचीत को अहम बताया। उन्होंने कहा कि टीम भाग्यशाली है कि उसके पास काफी अनुभव है और सीनियर खिलाड़ियों के साथ बातचीत से पूरी टीम को फायदा मिल सकता है।
- मोर्केल ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि गिल ने अब तक टीम की अगुआई में शानदार काम किया है और टीम में अलग-अलग खिलाड़ियों के लिए ऐसे वरिष्ठ खिलाड़ी मौजूद हैं, जिनसे वे सहज होकर बात कर सकते हैं।
- उन्होंने बताया कि टीम प्रबंधन युवा खिलाड़ियों को सीनियर क्रिकेटरों से बातचीत करने के लिए लगातार प्रोत्साहित करता है। टीम मीटिंग में भी सीनियर खिलाड़ियों को अपना अनुभव साझा करने के अवसर दिए जाते हैं।
- मोर्केल ने उदाहरण देते हुए कहा कि नेट्स में बल्लेबाजी कर रहे किसी युवा खिलाड़ी से यह भी पूछा जा सकता है कि नई गेंद का सामना करते समय रोहित शर्मा से क्या सीखा जा सकता है।

# टीम इंडिया का मिशन विश्वकप शुरू

## मोर्केल बोले- दबाव में खुद को साबित करो; रोहित-विराट की भूमिका पर क्या कहा?



मोर्ने मोर्केल ने कहा कि 2027 वनडे विश्व कप की तैयारी वेस्टइंडीज सीरीज से ही शुरू हो गई है और खिलाड़ियों को अभी से मुश्किल परिस्थितियों में खुद को दबाव में डालकर जिम्मेदारी लेना सीखना होगा।उन्होंने शुभमन गिल की कप्तानी की तारीफ करते हुए रोहित शर्मा और विराट कोहली के अनुभव को युवा खिलाड़ियों के लिए अहम बताया और सीनियर्स से सीखने पर जोर दिया। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने साफ कर दिया है कि 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों का इंतजार नहीं किया जाएगा और वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाली सीरीज से ही इसका आगाज माना जा रहा है। मोर्केल चाहते हैं कि टीम के खिलाड़ी मुश्किल परिस्थितियों से बचने के बजाय खुद जिम्मेदारी लें और दबाव में प्रदर्शन करने की आदत विकसित करें। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला रविवार को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें गुवाहाटी और न्यू चंडीगढ़ में आमने-सामने होंगी।

- विश्व कप से पहले नहीं, अभी से बढ़ाना होगा स्तरमोर्केल ने कहा कि विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट से कुछ सप्ताह पहले अचानक प्रदर्शन का स्तर बढ़ाने की कोशिश करना सही तरीका नहीं है। खिलाड़ियों को अभी से एक तय मानक के अनुसार खेलने की आदत डालनी होगी।
- उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज सीरीज से ही गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग में खिलाड़ियों को खुद को दबाव में डालना होगा। टीम प्रबंधन ने सीरीज से पहले बैठक कर इस बात पर चर्चा भी की है कि 50 ओवर के क्रिकेट में टीम किस तरह खेलना चाहती है और किन मानकों को हासिल करना है। मोर्केल ने गेंदबाजों से खास तौर पर मुश्किल परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेने की अपेक्षा जताई है। उन्होंने कहा कि अगर कोई साझेदारी खतरनाक रूप ले रही हो या परिस्थितियां गेंदबाजों के अनुकूल नहीं हों, तो खिलाड़ियों को खुद कप्तान शुभमन गिल के पास जाकर गेंद मांगनी चाहिए।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर टीम 30 रन पर चार विकेट गंवा दे, तो ऐसे समय में कौन खिलाड़ी जिम्मेदारी लेकर साझेदारी बनाएगा और टीम को 100 रन तक पहुंचाएगा, इस तरह की परिस्थितियों में खिलाड़ियों को खुद को परखना होगा। मोर्केल के मुताबिक, ऐसी चुनौतियों से गुजरने और उनसे सीखने से खिलाड़ियों में मानसिक मजबूती आएगी, जिसका फायदा आगे चलकर टीम को मिलेगा। मोर्केल ने टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने शुभमन गिल की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा कि सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव कप्तान और युवा खिलाड़ियों के लिए काफी मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा कि टीम में अलग-अलग खिलाड़ी किसी खास सीनियर से ज्यादा सहज होकर बात कर सकते हैं। इसलिए टीम मीटिंग में भी सीनियर खिलाड़ियों को अपना अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। मोर्केल ने यह भी बताया कि युवा खिलाड़ियों को नेट्स में रोहित और विराट से सवाल पूछकर सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## विश्वकप लिए क्या है भारत का प्लान? नीतीश को मिलेंगे मौके
## कृष्णा-गुरनूर पर भी रहेगी नजर मोर्केल ने खोला राज




मोर्ने मोर्केल ने नीतीश कुमार रेड्डी को संभालकर तैयार करने और स्पष्ट भूमिका के साथ लगातार मौके देने पर जोर दिया, ताकि वह भविष्य में टीम के प्रमुख ऑलराउंडर बन सकें। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बराड़ जैसे गेंदबाजों को आजमाने के साथ भारत अगले साल के वनडे विश्व कप के लिए अपनी गेंदबाजी यूनिट तैयार करेगा। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को संभालकर तैयार करने की जरूरत पर जोर दिया है। उनका मानना है कि नीतीश में बल्ले, गेंद और फील्डिंग तीनों विभागों में प्रभाव छोड़ने की क्षमता है और लगातार मौके देकर उन्हें भविष्य के प्रमुख ऑलराउंडर के रूप में विकसित किया जा सकता है। वहीं, वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज में प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बराड़ जैसे गेंदबाजों को भी पर्याप्त मैच समय देने की योजना है। भारतीय टीम में हाल के समय में खिलाड़ियों की फिटनेस भी चर्चा का विषय रही है। हार्दिक पांड्या और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। मोर्केल ने कहा कि टीम प्रबंधन बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मेडिकल स्टाफ के साथ मिलकर प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग-अलग वापसी योजना पर काम कर रहा है।

# एशियन गेम्स 2026: क्रिकेट में बड़ा उलटफेर

## नेपाल ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया 16 गेंद पहले जीता मैच

एशियन गेम्स 2026 में नेपाल ने ग्रुप ए के मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। अफगानिस्तान ने 102 रन बनाए, जिसके जवाब में नेपाल ने 17.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। संदीप जोरा और रोहित पौडेल ने अहम पारियां खेलीं। नेपाल की यह अफगानिस्तान पर पांच टी20 मुकाबलों में दूसरी जीत है। एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट में बड़ा उलटफेर हुआ है। शुक्रवार को कोरोगी स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में नेपाल क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 102 रन ही बना सकी। जवाब में नेपाल ने 16 गेंद शेष रहते यानी 17.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मोहम्मद अकरम दो रन और करीम जनत नौ रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हसन ऐसाखिल खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद फैसल शिनोजादा और नजीबुल्लाह जादरान ने चौथे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। शिनोजादा 33 गेंद में 30 रन और जादरान 40 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए।



फिर अफगानिस्तान की टीम संभल नहीं सकी। मोहम्मद इशाक सात रन और कप्तान दरविश रसूली खाता खोले बिना आउट हुए। खरोती 15 गेंद में 17 रन और अहमदजई एक रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल की ओर से कुशर भुर्तेल ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं, ललित राजबंशी को तीन विकेट मिले। 103 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की टीम की शुरुआत भी खराब रही। कुशल भुर्तेल खाता खोले बिना आउट हुए। वहीं, आसिफ शेख दो रन बना सके। कुशल मल्ला भी नौ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद संदीप जोरा और रोहित पौडेल ने चौथे विकेट के लिए 25 रन जोड़े। जोरा 35 गेंद में 34 रन बनाकर आउट हुए। फिर पौडेल ने दीपेंद्र सिंह एयरी के साथ 46 रन की साझेदारी निभाई। एयरी 15 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पौडेल ने गुलशन झा के साथ मिलकर नेपाल को जीत दिलाई।

## टीम इंडिया की मस्ती: कप्तान-उपकप्तान की जुगलबंदी से वैभव की पोस्ट तक अभिषेक-ईशान की तस्वीरों ने खींचा ध्यान




एशियन गेम्स 2026 के लिए जापान पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का मैदान से बाहर भी मस्ती भरा अंदाज देखने को मिला। वैभव सूर्यवंशी ने 'नोबिता के शहर' से तस्वीरें साझा कीं, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन रेस्टोरेंट में नजर आए, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर और उपकप्तान तिलक वर्मा की जुगलबंदी ने खास ध्यान खींचा।

वैभव सूर्यवंशी का 'नोबिता' अंदाज: युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने जापान पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'रिपोर्टिंग फ्रॉम नोबिताज़ सिटी' (Reporting from Nobita's City), जो मशहूर जापानी कार्टून कैरेक्टर नोबिता के शहर की ओर इशारा है। उनकी यह पोस्ट काफी वायरल हो रही है।

अभिषेक और ईशान की मस्ती: विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन भी जापान के एक रेस्टोरेंट में साथ समय बिताते नजर आए। क्रिकेट के मैदान के दबाव से दूर दोनों का यह कूल अंदाज फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। कप्तान और उपकप्तान की जुगलबंदी: टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर और उपकप्तान तिलक वर्मा की साथ वाली तस्वीर ने सबका ध्यान खींचा है।

वार्म-अप मैच और प्रैक्टिस सेशन: मुख्य मुकाबला शुरू होने से पहले टीम इंडिया ने जापानी कंडीशंस में ढलने के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी है। सानो (Sano) के मैदान पर खिलाड़ियों ने अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर छाई हुई हैं।

रवि बिश्नोई और अर्शदीप का जापानी कल्चर प्रेम: युवा स्पिनर रवि बिश्नोई और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने प्रैक्टिस के बाद जापानी संस्कृति और वहां की स्थानीय आतिथ्य सत्कार (Hospitality) का आनंद लेते हुए अपनी तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

वरुण चक्रवर्ती की फिरकी का जादू: सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी शेयर किया जा रहा है जिसमें मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती जापान के लोकल यंग क्रिकेटर्स को नेट सेशन के दौरान अपनी गेंदबाजी के टिप्स देते नजर आ रहे हैं।

क्वार्टर फाइनल की तैयारी: कप्तान श्रेयस अय्यर और कोच की देखरेख में पूरी टीम ने रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। भारत अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला 28 सितंबर को सुबह 10:00 बजे (भारतीय समयानुसार) खेलेगा।

- जापानी फैंस के बीच रिंकू सिंह का क्रेज: फिनिशर की भूमिका निभाने वाले रिंकू सिंह जापान में भी फैंस के बीच छाए हुए हैं। प्रैक्टिस सेशन के बाद जब रिंकू जापानी बच्चों को ऑटोग्राफ दे रहे थे, तो उनका यह विनम्र स्वभाव सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया।
- जिम सेशन और फिटनेस गोल्स: सिर्फ मस्ती ही नहीं, खिलाड़ी अपनी फिटनेस पर भी पूरा ध्यान दे रहे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे की जिम में पसीना बहाते हुए वर्कआउट वीडियो काफी पसंद किए जा रहे हैं।
- बॉर्डर पर स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ: मैच के तनाव से दूर भारतीय खिलाड़ियों ने टोक्यो और सानो के लोकल फूड्स का भी आनंद लिया। टीम डिनर के दौरान सभी खिलाड़ी एक साथ काफी मस्ती के मूड में दिखे।

लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।
आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।
– सम्पादक

R.N.I. No.
UPHIN/25/A4228
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक
निर्भय कुमार सेंगर
के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,
बी-9, गायत्री भवन,
विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,
रामघाट रोड, अलीगढ़
(उ.प्र.) से प्रकाशित।
मो. 9454428661
प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर
(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)
Email:planetnewsindia776
@gmail.com

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













